हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–287 : जौनपुर, गुरुवार 24 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## गांधी परिवार ने रिश्तों की दुहाई देकर अमेठी को छला : गरीबों की जमीन हड़पी – मोदी

अमेठी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेठी के कौहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने रिश्तों की दुहाई देकर अमेठी को छला और गरीबों की जमीन हड़प ली जबकि भाजपा ने जिले में 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए। उन्होंने कहा अमेठी में भाजपा ने सड़क, मेडिकल कॉलेज, स्कूल और बाईपास का निर्माण करवाया है। विपक्ष के लोग परिवारवाद की राजनीति करते हैं जबकि भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास के काम करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को पांचवे चरण के मतदान से पहले अमेठी जिले की चार व सुल्तानपुर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों की एक संयुक्त जनसभा गौरीगंज के कौहार स्थित मैदान में संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा कि चुनाव के चारों चरणों में जनता ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया है। 10 मार्च को परिवारवादियों को पता चलेगा कि गरीबों के लिए किए गए विकास कार्यों के आधार पर वोट मिलता है। गरीब कह रहा है कि यूपी में फिर से भाजपा की सरकार आएगी। हम किसी की जाति और धर्म देखकर सहायता नहीं करते हैं जो पात्र होता है। उन्हें देखते हैं। गरीबों




को राशन देने के साथ ही आवास दिए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादियों को जमीन पर क्या हो रहा है ये नहीं पता। वो यहां आते हैं और चुनाव जीतकर अपनी ताकत बढ़ाना चाहते हैं और एक राजा की तरह जनता पर शासन करना चाहते हैं। जबकि हमारी ताकत बाहुबली व माफिया नहीं हैं बल्कि जनता है। वोट बैंक और परिवारवाद की राजनीति ने देश का नुकसान किया है। इसने लोगों को आगे बढ़ने से रोका है। वोट बैंक की राजनीति परिवारवाद की मजबूरी है।

## बीआरसी खजनी के प्रांगड़ से मतदाता जागरूकता रैली प्राथमिक बच्चों के साथ निकला गया

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमार : खजनी में आगामी 3 मार्च को छठवें चरण का होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बच्चों ने मतदान जागरूकता रैली निकाला गया । जहां प्रशासन द्वारा चुनाव से संबंधित लगभग सारी तैयारियां पूरी की कर चुका है। क्षेत्र में सभी पार्टियों के कार्यकर्ता व समर्थक अपनी–अपनी पार्टियों के पक्ष में घर–घर जाकर समर्थन जुटा रहे हैं। वहीं क्षेत्र में प्रशासन द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन विभाग के दिशानिर्देशों पर क्षेत्र में जगह–जगह नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं प्राथमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की रैली व जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में बुधवार को बीआरसी खजनी के प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाई स्कूल के बच्चों व अध्यापकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में छोटे–छोटे बच्चों ने अपने हाथों में स्लोगन लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया तथा ''छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान'' का नारा लगाया। रैली में विद्यालय के अध्यापिका



सुषमा त्रिपाठी द्वारा बच्चों को जागरुक करते हुए कहा गया कि वे अपने–अपने घरों में अपने माता–पिता व 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर खजनी प्राथमिक विद्यालय स प्रधानाध्यपक राजेश कुमार पांडेय ,मुरारी, ओमप्रकाश रावत ,सुरेंद्र सिंह, पांडेय,सहित पर विद्यालय के स्टाफ सहित सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## यूक्रेन में फंसी जौनपुर की एमबीबीएस छात्रा : हमले की खबर से माता–पिता चिंतित : सरकार से सुरक्षित लाने की मांग

जौनपुर ब्यूरो : रूस ने भारतीय समयानुसार गुरुवार की सुबह यूक्रेन पर हमला कर दिया। युद्ध के हालात के बीच कई भारतीय छात्र यूक्रेन में फंसे गए हैं। इस में से एक है जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र के शाहापुर गांव निवासी डॉक्टर गजेंद्र पांडेय की पुत्री गरिमा पांडेय। वह यूक्रेन के डेनिप्रो यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष की छात्रा है। यूक्रेन पर हमले की खबर से माता–पिता समेत अन्य परिजन चिंतित हैं। हर समय उसके कुशल क्षेम के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। पिता गजेंद्र पांडेय ने भारत सरकार से बेटी समेत अन्य भारतीय क्षेत्रों को सुरक्षित लाने की मांग की है। बेटी की सकुशल वापसी के लिए पिता ने की जतन लेकिन गजेंद्र पांडेय के मुताबिक, यूक्रेन में हालात बिगड़ने से पहले ही वो बेटी को वापस लाने की जुगत में जुट गए थे। गरिमा की सकुशल फ्लाइट से वापसी के लिए उन्होंने 35000 रुपया भी यूक्रेन भेज दिया था। गरिमा को तीन मार्च को यूक्रेन के ओडेसा से वाया दोहा कतर होते हुए दिल्ली वापसी की फ्लाइट का टिकट भी मिल गया था। लेकिन आज जब बात हुई तो पता चला की रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है। इस कारण



ज्यादातर एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। कुछ छात्रों को एयरपोर्ट से भी लौटा दिया गया है। गरिमा ने अपने पिता को बताया कि हमें अपने कमरे में ही रहने और दूतावास से संपर्क में रहने को कहा गया है। एटीएम और खाने पीने की सामग्री की दुकानों पर मारामारी की स्थिति है। डॉक्टर गजेंद्र पांडेय ने कहा कि भारतीय छात्रों के भविष्य को देखते हुए तत्काल भारत सरकार को सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने सरकार से यूक्रेन संकट में फंसे छात्रों की मदद की गुहार लगाई। यूक्रेन के ताजा माहौल को देखते हुए वे भारतीय अभिभावक बेहद चिंतित हैं जिनके कलेजे के टुकड़े वहां पढ़ने के लिए गए हुए हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वीवीपैट और क्रिटिकल बूथों के लिए माइक्रो ऑब्जवर्स का रेंडमाइजेशन एनआईसी में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा निर्वाचन के 09 विधानसभाओं के सामान्य प्रेक्षकगण एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रट सभागार में बूथों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वीवीपैट और क्रिटिकल बूथों के लिए माइक्रो ऑब्जवर्स का रेंडमाइजेशन एनआईसी में हुआ। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष मौर्य ने रेंडमाइजेशन किया और विधानसभावार की विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि चुनाव प्रचार–प्रसार भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये निर्देशों के अनुसार ही करे और खर्च की सीमा का ध्यान रखे साथ ही रजिस्टर अपडेट करते रहे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन की दशा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि एजेण्ट कोविड सेकेंड डोज अनिवार्य रुप से लगवा ले और कोविड प्रोटोकाल का पालन करना सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिसके अन्तर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टर प्रतियोगिता, गीट–नाट्य, कहानी, हस्ताक्षर अभियान, मेंहदी, स्लोगन, बाइक रैली, वोट करेगा जौनपुर रिंगटोन, सोशल साइट फेसबुक, ट्यूटर के माध्यम से मतदाता को जागरुक करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है जिससे लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक लोगो की भागीदारी



सुनिश्चित की जा सके और भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। बैठक में विधानसभा मल्हनी के प्रेक्षक मा0 श्री पवित्र मंडल जी, विधानसभा मुंगराबादशाहपुर के मा0 प्रेक्षक टी आनंद, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदलापुर के मा0 प्रेक्षक अजय नाथ झा, विधानसभा केराकत के मा0 माननीय प्रेक्षक धीरेंद्र, विधानसभा जफराबाद के मा0 प्रेक्षक सचिन राना, विधानसभा शाहगंज की मा0 प्रेक्षक एसपी भगोरा, विधानसभा क्षेत्र मछलीशहर के मा0 प्रेक्षक अजीत कुमार रंजन, विधानसभा सदर के मा0 प्रेक्षक श्री हिमांशु कौशिक, विधानसभा मडियाहूँ के मा0 प्रेक्षक मेघू बरैक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, समस्त रिटर्निंग आफिसर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

## केराकत ब्लॉक के शिक्षकों द्वारा मोटर साइकिल रैली के द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत ब्लॉक के शिक्षकों द्वारा मोटर साइकिल रैली के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में तहसीलदार केराकत श्रो राम सुधार द्वारा हरी झंडी दिखाकर नॉर्मल स्कूल केराकत से ब्लॉक केराकत थाना गद्दी होते हुए रतनूपुर बाजार तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें विकासखंड केराकत के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षकों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया रैली में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिव बचन यादव, मोहिउद्दीन अंसारी, अशोक कुमार पाल ,राम मिलन यादव ,राजेश कुमार यादव ,धर्मेंद्र कुमार ,अमित सिंह ,अमित चौरसिया ,संजय कुमार ,मनोज कुमार ,आलोक शुक्ला सहित सैकड़ों शिक्षकों




ने भाग लिया। आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी के वोट करेगा जौनपुर के इस कार्यक्रम की सभी लोगों ने सराहना की।

## भाजपा के त्रिदेव के बदौलत हम जौनपुर विधानसभा को जीत कर दिखाएंगे : राकेश त्रिवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर विधानसभा में भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन खानपुर में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने 'बूथ जीता, तो चुनाव जीता' ये मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया। जनता भाजपा के साथ है जबकि विपक्ष के लोग ट्रस्ट चलाते हैं विपक्ष के लोग परिवार चलाते हैं, जबकि हमारी पार्टी व्यापार नहीं, मिशन पर है। सपा की गुंडागर्दी की वजह से लोग उसे पसंद नहीं करते। सपा और बसपा जातिवाद की राजनीति करती है, जबकी भाजपा राष्ट्रवाद राजनीति करते है। सपा का हाथ आतंकवादियों के साथ है। दंगा, कर्फ्यू, बवाल और भय पैदा करना ही सपाइयों का काम है। 2012 से 2017 तक सपा शासनकाल में सात सौ से अधिक दंगे हुए। इससे पहले बसपा शासनकाल में 364 दंगे हुए। भाजपा के पांच साल के शासनकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ। पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि युवा नए भारत का कर्णधार भी है, विस्तार भी है। युवा नए भारत का नियंता भी है, नेतृत्वकर्ता भी है। हमारे आज के युवाओं के पास प्राचीनता की विरासत भी है, आधुनिकता का बोध भी है। और इसलिए, जिधर युवा चलेगा उधर भारत चलेगा। और जिधर भारत चलेगा उधर ही अब दुनिया चलने वाली है। प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश सिंह ने कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुये कहा कि कार्यकर्ता लगकर गिरीश जी को जिताये क्योकि एक एक सीट का महत्व है, अगर एक सीट कम हो जायेगी तो ये विरोधी भाजपा की सरकार नही बनने देंगे। जौनपुर विधानसभा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री गिरीश चन्द यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता देवतुल्य कार्यकर्ता है वो खुद आगे आकर चुनाव अभियान में साथ साथ चल रहे है, अगर चुनाव जीत गए तो मेडिकल कालेज में आयुर्वेद और हौम्योपैथिक कालेज की स्थापना कराने का काम करूंगा। कोरोना काल मे जब जिले में कोई वेंटिलेटर नही था तो हमने अपने विधायक निधि से वेंटिलेटर को मंगाया था, उसके बाद हमने मुख्यमंत्री से कहकर कई वेंटिलेटर यहां पर उपलब्ध कराए, उन्होंने सामने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने कार्यो को गिनाने के साथ विरोधियों के कारनामे भी बताने पड़ेंगे। अपने सरकार के कार्यो का गुणगान तो करना पड़ेगा, तो उनके सरकार में किये गये कुकर्मो को बताना पड़ेगा। योगी सरकार में जो बिजली मिल रही है, उससे विपक्षी भी खुश है, यही कारण है कि आज विपक्ष भी कभी बिजली के लिए धरना पदर्शन नही कर सके। ये राष्ट्रवाद की लड़ाई है ये मोदी योगी की लड़ाई नही, बल्कि आपकी खुद की लड़ाई है इसलिए हे त्रिदेव साथियों आप अपने बूथ पर सक्रिय होकर अपने बूथ को, पन्ना को मजबूत करेगे तो आपको अवश्य सफलता मिलेंगे। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्र, पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, दिनेश सिंह बब्बू, विधानसभा प्रभारीपूर्व अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला सिंह, जिला प्रवासी संजय सिंह, नीरज, मण्डल अध्यक्ष गण अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, मदन सोनी, राजकेशर पाल आदि उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मतदाता जागरूकता हेतु क्रिकेट मैच का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी 2022 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में प्रेक्षक एकादश एवं प्रशासन एकादश के मध्य एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मतदाताओं को जागरूक




करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रेक्षक टीम में राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की तरफ से जनपद जौनपुर में तैनात 09 विधानसभाओं के माननीय प्रेक्षकगण एवं अन्य प्रेक्षकगण रहेंगे तथा प्रशासन की टीम की तरफ से माननीय जनपद न्यायाधीश एम0पी0सिंह, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी, जौनपुर मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप, जौनपुर अनुपम शुक्ला के साथ ही अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी रहेंगे। जिला प्रशासन जौनपुर के इस अनूठे प्रयास की क्षेत्रीय जनमानस में काफी चर्चा है और इस रोमांचक मैच को देखने के लिए खिलाड़ियों में उल्लास का माहौल है। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी जौनपुर सुनील कुमार द्वारा दी गई है।

## मेरा गाँव मेरी धरोहर

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा गाँव की सांस्कृतिक धरोहर की सूचना को अब मोबाइल में कैद किया जायेगा, जिसके लिये भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय और सीएससी के मध्य पिछले दिनों अनुबन्ध किया जा चुका है। गोरखपुर जिले में इस योजना का ट्रायल भी किया जा चुका है पॉयलेट प्रोजेक्ट के दौरान जिले के कुछ पंचायतो में सीएससी कर्मी के द्वारा सर्वे का कार्य किया भी जा चुका है। जनपद के सभी गाँवों की सांस्कृतिक सूचना विशेष मोबाईल ऐप के जरिये एकत्र का काम कोमन सर्विस सेंटर संचालकों द्वारा सर्वे कर किया जाना है जिसके क्रम में ब्लाक स्तर पर एवं विकास खंड के सीएससी संचालको का प्रशिक्षण कराया गया। जिसके बाद संचालको के द्वारा इस कार्य किया जाना है। यह कार्य देश में पहली बार किया जा रहा है जिसको मेरा गाँव मेरी धरोहर नाम दिया गया है। इस योजना के तहत जिला गोरखपुर के ब्लाक जंगलेकौड़िया, खोराबार,सहजनवा के संचालको को ट्रेनिंग करायी गयी जिसमे कुल 110 संचालक मौजूद रहे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर और केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के साझा सहयोग से पहली बार यह कार्य किया जा रहा है, जिसको मेरा गाँव मेरी धरोहर नाम दिया गया है। शब्द से सीधा आशय है कि गाँव की विरासत इस सर्वे के दौरान 9 विशेष बातों को दर्ज किया जाना है। सांस्कृतिक धरोहर/ मेरा गाँव मेरी धरोहर सांस्कृतिक शब्द से सीधा मतलब ही कि कोई ऐसी चीज जिसमे कुछ विशेष हो ,या वह पुरानी हो सरकार ऐसी सभी चीजो को इकठ्ठा कर इन चीजो कि प्रति लोगो का ध्यान आकर्षित करना चाहती है इसमे गाव के नागरिको के सहयोग से गाँव ,ब्लाक ,जिले विशेष बनाती है उसकी खासियत को दर्ज किया जायेगा साथ ही उस से सम्बंधित फोटो ,विडियो और उसके बारे में सम्पूर्ण जानकारी भी अपलोड किये जायेगे उसको मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज किया जाना है ये जानकारी होगी दर्ज इस सर्वे के दौरान गाँव के लोगो से कुछ जानकारी ले कर दर्ज करना है जिसमे गाव कि खास पहचान क्या है , गाँव कि खास सांस्कृतिक पहचान ,गाव के प्रसिद्ध स्थान ,प्रसिद्ध किवदंती ,प्रसिद्ध व्यक्ति ,विशेष पकवान ,विशेष आभूषण ,विशेष कपडे आदि के बारे में जानकारी दर्ज कि जानी है इन सभी से सम्बंधित जानकारी ,फोटो,विडियो आदि चीजे ऐप पर दर्ज कि जानी है जिला प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि मेरा गाँव मेरी धरोहर से जो लोग गाव कि चीजो के बारे में फेमस चीजो के बारे में नहीं जानते वो लोग सरकार के प्रयाश से एक क्लिक से सारी जानकारी ले कर उनको देख सकते है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जरुरत तो फकीरों की भी पूरी हो जाती है, ख्वाहिशें बादशाहों की भी अधूरी रह जाती हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## रूस और यूक्रेन द्विपक्षीय मामला है, ऐसी होनी चाहिए भारत की नीति

रूस ने जंग का ऐलान कर दिया है और यूक्रेन को या तो अब नाटो फौज बचा सकती है या खुद्द रूस उसकी रक्षा कर सकता है। ठीक सौ बरस पहले सोवियत संघ अस्तित्व में आया था और तब से 1991 तक रूस तथा यूक्रेन संघीय ढांचे में दो अच्छे पड़ोसी प्रदेशों की तरह रहते रहे हैं। रूस और यूक्रेन को कभी जुड़वां देश माना जाता था। एक दूसरे का हमदम और दुख–सुख का साथी। लेकिन इन दिनों दोनों शत्रुवत व्यवहार कर रहे हैं।

सोवियत संघ बिखरा तो अलग हुए अनेक राज्य आपस में लड़ने लगे। जब कोई राज्य हारता तो वह रूस को अपनी पराजय का दोष देता। रूस की स्थिति विचित्र थी। वह दोनों पक्षों का साथ नहीं दे सकता था और लड़ने वाले दोनों देश रूस को अपनी पंचायत का सरपंच मानने को तैयार नहीं थे। भले ही रूस आकार और प्रभाव में उनसे बड़ा था ,लेकिन विघटित सोवियत संघ के वे देश यह भूलने के लिए तैयार नहीं थे कि कभी वे रूस की तरह समान अधिकारों वाले प्रदेश ही थे। इस तरह यह मामला कुछ कुछ ऐसा ही था, जो अतीत में कभी हिन्दुस्तान ,पाकिस्तान और बांग्लादेश का हुआ करता था।

एक बात हमें रूस के नजरिए से देखनी होगी ।यूक्रेन के नाटो का सदस्य बनने का अर्थ है यूक्रेन की सीमा पर नाटो फौजों का पहुंचना और इससे रूस की चिंता बढ़नी स्वाभाविक है । भारत के बंटवारे के बाद पाकिस्तान ने अपने कब्जे वाले कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा चीन को उपहार के तौर पर दे दिया था । भारत इसके विरोध में इसीलिए है कि चीन एक और दिशा में भारत की सीमा पर पहुंच गया है ।यही चिंता रूस की है ।

यह सच है कि भारत ने कभी अपने से अलग हुए देशों पर दोबारा कब्जा नहीं करना चाहा और जो विवाद इन देशों के साथ हैं ,वे आपस में मिल बैठकर सुलझाने पर जोर दिया है। लेकिन कल्पना करिए कि भविष्य में यदि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर और बलूचिस्तान फैसला करें कि वे हिंदुस्तान में मिलना चाहते हैं या फिर स्वतंत्र रहना चाहते हैं तो भारत को उन्हें क्यों समर्थन नहीं देना चाहिए?

संभवतया इसी वजह से पुराना सोवियत संघ और आज का रूस कश्मीर विवाद को द्विपक्षीय मामला मानता है। वह हमेशा इस बात पर जोर देता रहा है कि भारत और पाकिस्तान आपस में इस मामले को हल करें। यही नीति रूस और यूक्रेन के मामले में हिन्दुस्तान को भी अपनानी चाहिए?

अमेरिका की रणनीति और रूस–यूक्रेन

एक बारगी अमेरिका यूक्रेन को नाटो के साथ नहीं भी जोड़े तो उसका क्या बिगड़ता है। उसकी चौधराहट पर आंच आती है और सारी दुनिया में उसका रौब तनिक घटता है। इसके अलावा कोरोना काल में आर्थिक मंदी ,बेरोजगारी,महँगाई और ठन्डे पड़े हथियार कारोबार को बढ़ाने के लिए उसे नए छोटे–छोटे देश चाहिए। इस कारण इन देशों का नाटो के बैनर तले आना अमेरिका जरूरी समझता है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद वह कहता है कि हर देश को इसका विरोध करना चाहिए।

प्रश्न यह भी पूछा जा सकता है कि संसार के हर हिस्से में उसे दखल का हक किसने दिया? विश्व के किसी भी मुल्क में अपनी फौज भेजने से पहले वह किसी संगठन और राष्ट्र से मशविरा तक नहीं करता। यहां तक की संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था को वह अपनी जेबी संस्था समझता है।

अंतरराष्ट्रीय शक्ति संतुलन का तकाजा यह कहता है कि कोई देश इतना ताकतवर भी नहीं होना चाहिए कि वह समूचे संसार पर अपनी दादागीरी करे। इस नजरिए से एक समानांतर शक्ति केंद्र भी आवश्यक है। यह इसलिए भी जरूरी है कि शेष विश्व कठपुतली की तरह किसी मुल्क के इशारों पर नहीं नाचे।

भारत के लिए अपनी विदेश नीति निर्धारण में भारतीय हितों की चिंता सर्वोपरि रही है और होनी भी चाहिए। मगर हमने बीते दिनों कभी–कभी भारत की तराजू अमेरिका के पलड़े में झुकती हुई देखी है। दूसरी ओर अमेरिका को हमने सदैव एक कारोबारी नजरिए से भारत के साथ रिश्ते रखने वाला देखा है।पचास साल तक वह पाकिस्तान को पालता –पोसता रहा।

सुरक्षा परिषद् में जब भी भारत को शामिल करने और वीटो अधिकार देने की बात उठी तो पाकिस्तान ,अमेरिका और चीन ने ही विरोध किया। जब आर्थिक उदारीकरण का दौर आया तो अमेरिका एक चतुर बनिए की तरह भारत के साथ व्यवहार करने लगा। भारत उसकी चौधराहट की चकाचौंध में ठगा सा दिखाई दिया।

भारत की स्थिति से समझना होगा हालात

अमेरिका ने भारत– पाकिस्तान की हर जंग में पाकिस्तान का साथ दिया और अपने हथियारों का बाजार भारत के इस पड़ोसी के लिए खोलकर रखा।आज भी उसके लिए भारत अपने व्यापारिक और कूटनीतिक हित साधने का एक जरिया है।

हमने देखा है कि जब हम अमेरिका के साथ रिश्तों का हनीमून मना रहे थे तो वह अफगानिस्तान में हमें झटका दे रहा था और ईरान से संबंध तोड़ने पर जोर दे रहा था। वह अपनी मंडी के माल को भारत में खपाना चाहता था और हथियार बाजार का बड़ा खरीददार बनाना चाहता था। इसीलिए जब भारत ने रूस के साथ मिसाइल सौदा किया तो उसने कड़ा विरोध किया। आज भी वह इस मुद्दे पर भारत के साथ नहीं है।

वह पाकिस्तान के साथ पींगें बढ़ा सकता है लेकिन भारत के मामले में सावधान रहता है। अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हेरिस ( भले ही वे भारतीय मूल की हैं ) कश्मीर के मामले में भारत की नीति का समर्थन नहीं करते।

दूसरी तरफ रूस ने भारत की आजादी के बाद से ही उसके पुनर्निर्माण में कंधे से कन्धा मिलाकर साथ दिया है। आज सरपट भागती दुनिया में कोई देश या देशों का समूह वैचारिक आधार पर संबंधों का निर्धारण नहीं करता। अमेरिका लोकतांत्रिक है, पर पूंजीवादी सोच के चलते लोकतंत्र की अनेक मान्यताएं ताक में रख देता है।

चीन और रूस भी अब वामपंथी नहीं रहे। पाकिस्तान में चुनाव तो होते हैं लेकिन वहाँ सैनिक तानाशाही हमेशा हावी रही। तो जब कोई नैतिक आधार नहीं रहा तो गठबंधन भी विशुद्ध निजी हितों के आधार पर क्यों नहीं होना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## चौथे चरण में नौ जिलों की 59 सीटों पर 61.65% वोट : अब तक 231 सीटों पर चुनाव संपन्न

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान बुधवार को संपन्न हो गया। नौ जिलों की 59 सीटों पर 61.65 फीसदी वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, डीएम अभिषेक प्रकाश के अनुसार लखनऊ में 61 फीसदी मतदान हुआ। यह अब तक का सबसे अधिक मत प्रतिशत है। इसके साथ ही 624 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। सबसे ज्यादा मतदान पीलीभीत में 67.16 फीसदी हुआ। सबसे कम उन्नाव में 57.73 फीसदी मतदान हुआ। पीलीभीत की बरखेरा सीट पर सर्वाधिक 69.39 फीसदी लोगों ने मतदान किया। सीतापुर सीट पर सबसे कम 52.60 फीसदी ने मतदान किया। चौथे चरण में आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन की कुल 362 शिकायतें मिलीं। इनमें 71 शिकायतें सही मिलने पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा 64 बैलट यूनिट और कंट्रोल यूनिट में शिकायत मिलने के बाद उसे बदला गया। मतदान के दौरान 313 वीवीपैट में खराबी आई, जिसे बदला गया। अब पूर्वांचल पर निगाहें चौथे चरण के मतदान के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव ने आधे से अधिक सफर पूरा कर लिया। अब तक 231 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अगले 12 दिनों में बाकी तीन चरणों में बची 172 सीटों का चुनाव भी संपन्न हो जाएगा। अब तक के चार चरणों की बात करें तो पहले चरण में 62.83 प्रतिशत, दूसरे चरण में 65.11 प्रतिशत और तीसरे चरण में 62.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। लखीमपुर में ईवीएम पर डाला फेविक्विक लखीमपुर खीरी के कादीपुर सानी बूथ पर किसी उपद्रवी ने फेविक्विक डाल दिया गया। इससे एक बटन ने काम करना बंद कर दिया। शिकायत के बाद ईवीएम को बदला गया। पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पवन पासी और साबिर पर मुकदमा दर्ज कर साबिर को गिरफ्तार कर लिया है। गोशाला निर्माण शुरू होने पर ही हुआ मतदान नरैनी (बांदा)। अन्ना मवेशियों से परेशान दशरथ पुरवा के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। वे गोशाला बनवाने की मांग कर रहे थे। जिला प्रशासन के अफसरों और निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ने उन्हें समझाया। छह घंटे की मिन्नत के बाद अफसरो ने तत्काल अस्थायी गोशाला का निर्माण शुरू कराया तो ग्रामीणों ने मतदान शुरू किया। उन्नाव में नारेबाजी को लेकर सपा व भाजपा समर्थक भिड़े, फायरिंग सदर कोतवाली क्षेत्र के करोवन गांव में मतदान के दौरान अपने–अपने दल के पक्ष में नारेबाजी करने को लेकर सपा व भाजपा समर्थक आपस में भिड़ गए। इस दौरान मारपीट व कई राउंड फायरिंग हुई। इससे मतदाताओं में अफरा–तफरी मच गई।

## पीसीएस संवर्ग में लेटरल एंट्री से नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं : नियुक्ति विभाग ने किया स्पष्ट

लखनऊ ब्यूरो : शासन का कहना है कि पीसीएस संवर्ग में अन्य विभागों से सेवा स्थानांतरण व लेटरल एंट्री के माध्यम से पेशेवरों की नियुक्ति का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। नियुक्ति विभाग के विशेष सचिव मदन सिंह गर्ब्याल ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उप्र सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों की नियुक्ति उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) प्रयागराज के माध्यम से 50 प्रतिशत सीधी भर्ती व 50 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा की जाती है। पीसीएस संवर्ग में सृजित कुल पदों के सापेक्ष रिक्तियों की संख्या तय करते हुए सीधी भर्ती व प्रोन्नति के माध्यम से भर्ती के लिए हर साल यूपीपीएससी को प्रस्ताव भेजा जाता है। इसके बाद यूपीपीएससी द्वारा रिक्त पदों तैनाती के लिए की गई संस्तुति के क्रम में नियुक्तिः प्रोन्नति की कार्यवाही की जाती है। विशेष सचिव ने बताया कि इसी के अनुसार चयन वर्ष 2021–22 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन के लिए 39 रिक्तियों व प्रोन्नति के जरिये चयन के लिए 73 रिक्तियों का प्रस्ताव 22 फरवरी को यूपीपीएससी को भेजा जा चुका है। पीसीएस संवर्ग से आईएएस संवर्ग में पदोन्नति के लिए प्रोन्नति कोटे के तहत 23 रिक्तियों को अधिसूचित करने का प्रस्ताव कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार को भेजा जा चुका है। बीते कुछ वर्षों पूर्व सीधी भर्ती के कम अधिकारी चयनित होने के कारण पीसीएस संवर्ग के उच्च वेतनमान के पद वर्तमान में रिक्त हैं। इन पदों पर विभिन्न विभागों में पीसीएस संवर्ग के लिए सृजित पदों पर तैनाती के लिए पीसीएस संवर्ग के अधिकारी उपलब्ध होने तक विभागीय अधिकारियों को तैनात किए जाने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है।

## प्री–नॉन इन्टरलॉकिंग और नॉन इन्टरलॉकिंग के कारण ऐशबाग स्टेशन पर 27 फरवरी तक 30 ट्रेनों का संचालन रहेगा बाधित

लखनऊ ब्यूरो : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के ऐशबाग स्टेशन को सेटेलाइट स्टेशन बनाने के लिए प्री–नॉन इन्टरलॉकिंग और नॉन इन्टरलॉकिंग होनी है, जिसकेलिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। इस वजह से बृहस्पतिवार से लेकर 27 फरवरी तक 30 ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा। ऐशबाग से 24 से 27 फरवरी तक चलने वाली 15070 ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर से 25 से 27 फरवरी तक चलने वाली 15069 गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस, झांसी से 25 व 26 फरवरी को चलने वाली 11109 झांसी लखनऊ जं और लखनऊ जं. से 25 व 26 को चलने वाली 11110 लखनऊ जं झांसी एक्सप्रेस, लखनऊ जं. से 25 से 27 तक चलने वाली 05490 लखनऊ जं. सीतापुर, सीतापुर से 25 से 27 फरवरी तक संचालित 05489 सीतापुर लखनऊ जं. गाड़ी निरस्त रहेगी। ऐसे ही कासगंज से 25 व 26 को चलने वाली 05380 कासगंज लखनऊ जं. व लखनऊ जं. से 26 एवं 27 फरवरी को रवाना होने वाली 05379 लखनऊ जं. कासगंज अनारक्षित ट्रेन कैंसिल रहेगी। बदले रूट से चलेंगी ये ट्रेनें 12511 गोरखपुर कोचूवेली एक्सप्रेस 24, 25 एवं 27 फरवरी को तथा 12512 कोचूवेली गोरखपुर एक्सप्रेस 23 फरवरी को, 12554 नई दिल्ली सहरसा एक्सप्रेस 25 एवं 26 को, 22534 यशवन्तपुर गोरखपुर एक्सप्रेस 23 को, 02563 सहरसा नई दिल्ली एक्सप्रेस 25 व 26 को, 02564 नई दिल्ली सहरसा ट्रेन 24 व 26 को, 22537 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 25 व 26 को, 22538 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस 25 को, 12591 गोरखपुर यशवन्तपुर एक्सप्रेस 26 को, 12522 एर्नाकुलम बरौनी एक्सप्रेस 25 को, 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस 26 को परिवर्तित मार्ग मानकनगर, लखनऊ, मल्हौर के रास्ते चलाई जाएंगी। ऐसे ही गोरखपुर से 24 से 26 फरवरी तक चलने वाली 15009 गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस व मैलानी से 25 एवं 26 को चलने वाली 15010 मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मैलानी–डालीगंज के रास्ते चलाई जाएगी। दरभंगा से 25 एवं 26 को चलने वाली 02569 दरभंगा नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से 25 एवं 26 फरवरी को चलने वाली 02570 नई दिल्ली दरभंगा ट्रेन परिवर्तित मार्ग गाजियाबाद, रोजा, सीतापुर, बुढ़वल के रास्ते चलाई जाएगी । इन स्टेशनों से चलेंगी ये गाड़ियां 12532 लखनऊ जं. गोरखपुर एक्सप्रेस 24 से 27 फरवरी गोमतीनगर से चलाई जाएगी। 05088 लखनऊ जं. मैलानी अनारक्षित 25 व 26 को मोहिबुल्लापुर से, 05086 लखनऊ जं. मैलानी अनारक्षित ट्रेन 26 व 27 को मोहिबुल्लापुर से, 12108 सीतापुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 24 को लखनऊ जं. से चलाई जाएगी। बरौनी से 24 फरवरी को चलने वाली 15203 बरौनी लखनऊ ज. एक्सप्रेस रास्ते में दो घंटे रोककर चलाई जाएगी। वहीं 12531 गोरखपुर लखनऊ जं. एक्सप्रेस व 05087 मैलानी लखनऊ जं. अनारक्षित ट्रेन 24 से 27 तक मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 05085 मैलानी लखनऊ जं. ट्रेन 25 व 26 को मोहिबुल्लापुर में टर्मिनेट होगी। ऐसे ही 12107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीतापुर एक्सप्रेस 23 को लखनऊ जं. स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी।

## दूसरे चरण के बाद ही सपा हो गई धराशायी : यूपी में भाजपा की लहर –केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

वाराणसी ब्यूरो : चुनावी दौरे पर वाराणसी पहुंचे केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने समाजवादी पार्टी पर करारा हमला बोला। जितेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के बाद समाजवादी पार्टी का विश्वास टूट गया है। उनके (अखिलेश यादव) परिवार को करहल में प्रचार करना पड़ा है। बढ़ते चुनावी चरण के साथ यूपी में सपा धराशायी हो गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदाताओं का भाजपा के प्रति रुझान देखकर सपा भयभीत हो गई है। यही वजह है कि उसे उस करहल में मुलायम सिंह सहित तमाम बुजुर्गों को उतारना पड़ा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह गुरुवार को कैंट स्थित एक होटल में मीडिया से बात कर रहे थे। सीएम योगी ने बदली उत्तर प्रदेश की छवि उन्होंने कहा कि करहल से काशी तक और गाजियादबाद से गोरखपुर तक भाजपा जीत रही है, इसे अप्रत्यक्ष रूप से सपा भी मानने लगी है। उन्होंने कहा कि जनता भी यह समझ गई है कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार रहने से ही प्रदेश का विकास हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने 2017 से पहले की सपा सरकार पर सवाल उठाए। कहा कि 2017 से पहले माफिया और गुंडा की सरकार थी। 2017 में सत्ता संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की छवि बदलने का काम किया। माफिया मुख्तार अंसारी को पंजाब से यूपी में लाकर जेल में कठोरता से रखा गया है। अब प्रदेश में बेटियां सुरक्षित महसूस करती हैं। वहीं कहीं भी भ्रमण कर सकती हैं। महिलाओं को सुरक्षा के साथ सम्मान मिला है। काशी में व्यवस्थागत सुधार के कारण श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। धार्मिक महत्व के कारण काशी का महत्व बड़ा है। यहां विकास की गति देखने को मिली है। प्रदेशभर में जारी विकास की इस गति को और तीव्र करने के लिए भाजपा को फिर से अवसर मिलना जाहिए। कहा कि जो उत्तर प्रदेश की जनता को दंगा कराने वाली समाजवादी पार्टी नहीं बल्कि कानून का राज स्थापित करने वाली भाजपा सरकार चाहिए।

## 23 जनवरी चौथे चरण का मतदान सम्पन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : राजाजीपुरम में गोली चलने की अफवाह से परेशान रही पुलिस। पुराने लखनऊ सहित कई क्षेत्रों में उफान पर रहा उत्साह। मतदान में पहली बार लखनऊ 60 प्रतिशत पार। राजधानी लखनऊ में बुधवार का दिन राजनीति के नाम रहा। यहां 9 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिये हुये मतदान में हर वर्ग ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। पुराने लखनऊ का उत्साह तो उफान पर रहा। हर तरफ राजनीतिक समीकरण बनते बिगड़ते रहे। किसी ने सपा को जिताया तो किसी ने भाजपा की जीत का दावा किया। अन्य दलों के समर्थक अपना झंडा बुलंद करते रहे। इस बीच ध्रुवीकरण व जातिगत आधार पर मतदान की चर्चायें भी काफी रहीं। शाम होते होते सभी ने एक स्वर में कहा कि कड़ा मुकाबला भाजपा–सपा में ही है। कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर तो कुछ पर सीधी जीत का अनुमान लगता रहा। यहां कड़ा मुकाबला मोहनलालगंज, बीकेटी, लखनऊ पश्चिम व मध्य सीटों पर देखने को मिला। चुनाव की घोषणा के समय से ही सपा, भाजपा में कांटे की टक्कर बजायी जा रही थी। मध्य सीट पर मतदान के दिन भी कयासबाजी होती रही। रविदास को मजबूत माना गया तो रजनीश की तरफ से दी गयी चुनौती भारी पड़ने की बात भी लोगों ने कही। लखनऊ उत्तर सीट को भाजपा खेमे ने जीता हुआ बताया तो सपा खेमे ने अपनी जीत का दावा किया। सांसद व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर की प्रतिष्ठा वाली मलिहाबाद सीट पर सपा द्वारा मजबूत चुनौती दिये जाने की बात कही गयी। वहीं सरोजनीनगर में भाजपा को सपा से चुनौती मिलने और भगवा रंग में रंगी बतायी जा रही पूर्वी व कैंट सीटों में भी सपा से मुकाबला होने की संभावना जतायी गयी। इसी क्रम में सलेमपुर पतौरा 168 विधानसभा मलिहाबाद में मतदान के दौरान मोहन चौकी के इंचार्ज विश्वदीपक व दीवान विवेक कुमार मौके पर मौजूद रहे। साथ ही थाना पारा मोहान रोड की चौकी से भी पुलिस के जवानों ने सफल मतदान करवाया। जलालपुर चौकी के एस.आई जे.सी.बी.शर्मा भी मतदान के दौरान उपस्थित रहे तथा मतदान को सफल बनाने में डटे रहे। इसी बीच रामेश्वर विद्यालय के 171 बूथ संख्या पर पत्रकारों में मृत्यंजय प्रताप सिंह व उनकी पत्नी याशिका सिंह ने भी मतदान किया।

## राजधानी में शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के पारा क्षेत्र में एसबीएन कॉलेज बूथ पर सरकारी कर्मचारी मोबाइल पर ऑनलाइन मतदाताओं के नाम खोजते रहे। लिस्ट में नाम होते हुए भी मतदाताओं को मतदान केंद्र से वापस घर जाना पड़ा। बाद में विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं की मदद की और लिस्ट में नाम खोज कर पर्ची बना कर दी और मतदाताओं ने घर से दूसरी बार दोपहर बाद आकर वोट डाला। सरकारी कर्मचारियों ने लिस्ट का पन्ना पलटने की जहमत नहीं उठाई , मोबाइल पर ही उंगलियां चलाते रहे और मतदाताओं को वापस घर भेजते रहे। आंगनवाडी कार्यकत्री श्रीमती मनोज शुक्ला ने बातचीत



के दौरान असमर्थता जताई और अनेक परेशानियां गिनाई।

## बसपा मे ही सभी वर्गो का हित सुरक्षित – सतीश चंद्र मिश्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सदस्य पंडित सतीश चंद्र मिश्रा ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक जिले के बीकापुर विधानसभा में बाला सराय मैदान रायबरेली रोड पर आयोजित जनसभा में उपस्थित जनसमूह के बीच में भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया इस सरकार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न ब्राह्मणों और दलितों का हुआ है।उत्तर प्रदेश भाजपा के 5 साल के शासन में 500 ब्राह्मणों की निर्मम हत्या की गई ,सैकड़ों ब्राह्मणों का एनकाउंटर किया गया ,दलितों के साथ अन्याय किया गया ,दलित महिलाओं के उत्पीड़न पर प्रदेश सरकार मौन रही, एक तरफ तो भाजपा के मंत्री पुत्र की जमानत हो जाती है जबकि सरेआम 4 किसानों का हत्या करने वाले मंत्री पुत्र की जमानत हो जाती है वहीं दूसरी तरफ विकास दुबे का योगी सरकार द्वारा एनकाउंटर करवाया जाता है और निर्दोष खुशी दुबे आज भी जेल में बंद है ,उत्तर प्रदेश सरकार में लॉ एंड ऑर्डर, शिक्षा ,स्वास्थ्य और रोजगार निम्न स्तर पर पहुंच गया है, भाजपा सरकार पूरी तरीके से 5 वर्ष भ्रष्टाचार में लिप्त रहीऔर चुनाव के समय जनता को झूठ मूठ के बड़े–बड़े वादे कर रही हैं, जनता इनकी असलियत को जान चुकी है अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली , इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने जा रही है और बहन सुश्री मायावती मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं ,जनसभा में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा के पुत्र कपिल मिश्रा ने नौजवानों का आवाहन किया कि बहुजन समाज पार्टी में अपना मत और समर्थन करें ,जिससे नौजवानों का हक हकूक सुरक्षित रह सके।इस मौके पर बीकापुर विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुनील पाठक ने कहा हमारा लक्ष्य बीकापुर विधानसभा को प्रदेश का सबसे उन्नत विधानसभा बनाना है ,इसके लिए हमें आपका सहयोग और समर्थन चाहिए, जिससे जो बीड़ा मैंने उठाया है उसे आपके मत रूपी आशीर्वाद से पूरा कर सकूं। जनसभा में उपस्थित प्रमुख लोगों में मिल्कीपुर विधानसभा के प्रत्याशी मीरा देवी, अयोध्या विधानसभा के प्रत्याशी रवि प्रकाश मौर्य, विश्वनाथ पाल ,पवन कुमार गौतम, केके पासी ,पंडित राधिका प्रसाद पांडे, करुणाकर पांडे,बब्बू मौर्य, अरविंद भारती ,लालमणि निषाद, राकेश वर्मा, नितिन चौधरी ,गिरीश कुमार तिवारी, कमलेश दुबे ,अनिल पांडे, सर्वेश मिश्रा ,विक्की पांडे ,शिव प्रकाश मिश्रा ,आशीष मिश्रा ,अजय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## 27 फरवरी को अयोध्या में होने वाले मतदान को लेकर अयोध्या धाम के प्रमुख साधु संत व धर्माचार्य भाजपा के पक्ष में वोट मांगने के लिए सड़कों पर उतरे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 27 फरवरी को अयोध्या में होने वाले मतदान को लेकर अयोध्या धाम के प्रमुख साधु संत व धर्माचार्य भाजपा के पक्ष में वोट मांगने के लिए सड़कों पर उतरे। सैकड़ों की तादात में संत गलियों में निकल कर भाजपा के पक्ष में व भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगने की अपील ।शहर के भाजपा प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता के साथ सैकड़ों संतो ने गुलाबबाड़ी से रैली निकालकर जनता का सहयोग मांगा ।संतो ने अयोध्या की जनता से कहा ।कि राष्ट्रहित में भारतीय जनता पार्टी को वोट दें ।और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री आज तक नही हुआ है ।योगी संत है इसलिए वो संत की भावनाओं को समझते है। अयोध्या के विकास और राममन्दिर निर्माण के लिए उपयोगी है ।इसीलिए अयोध्या के साधु संत अयोध्या के पांचों प्रत्याशियों के लिए मांगेगे वोट ।इस दौरान अयोध्या धाम के श्री राम वल्लभा कुंज अधिकारी महंत राजकुमार दास, नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास और प्रमुख संत व भाजपा के पदाधिकारी रहे मौजूद।

## पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बनाया एक–एक पिंक बूथ : पीठासीन से लेकर सभी मतदान कर्मी होंगी महिला

सुल्तानपुर ब्यूरो : पांचवें चरण के चुनाव में पांचों विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक पिंक बूथ बनाया गया है। इन मतदेय स्थलों पर पीठासीन से लेकर मतदान कार्मिक महिला होंगी। आयोग के निर्देश पर पांचों विधानसभा क्षेत्र के बूथों को चिह्नित कर लिया गया है। इन बूथों पर सिर्फ महिलाएं ही वोट कर सकेंगी। पांचवें चरण में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में जिले में पांच पिंक (सखी) बूथ बनाए गए हैं। आयोग के निर्देश पर पांचों विधानसभा क्षेत्रों के एक बूथ को महिलाओं के लिए पिंक बूथ बनाया गया है। इसमें इसौली विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 26 प्राथमिक विद्यालय खनोहा में स्थापित मतदेय स्थल को पिंक बूथ बनाया गया है। इसी तरह सुल्तानपुर विधानसभा क्षेत्र के सदर तहसील भवन के कक्ष संख्या तीन के मतदेय स्थल 275 को पिंक बूथ बनाया गया है। सदर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दियरा के मतदेय स्थल 338 को सखी बूथ के रूप में चिह्नित किया गया है। लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय भदैंया के मतदेय स्थल 43 को सखी बूथ



का रूप दिया गया है। कादीपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरैयाकमौरा के मतदेय स्थल 142 को पिंक बूथ बनाया गया है। इन बूथों पर सिर्फ महिलाएं ही वोट कर सकेंगी। महिलाओं की वोटिंग व्यवस्था को देखते हुए इन बूथों पर पीठासीन अधिकारी से लेकर सभी मतदान अधिकारी महिलाएं ही होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता ने बताया कि चिह्नित बूथों पर महिला मतदान कार्मिकों को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है।

## मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मैत्री क्रिकेट मैच में शाहगंज ने करंजाकला को हराया

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में चल रहे स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में जनपद जौनपुर में नगर व 21 ब्लाकों में मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच हो रहा है। जिसमें आज इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में शाहगंज ब्लाक एकादश का करंजाकला ब्लाक एकादश के बीच मैच हुआ। जिसमें करंजाकला एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में 10 विकट पर 80 रन बनाए। राजेश यादव ने 32, आशुतोष ने 24 रन बनाए। जवाब में शाहगंज एकादश ने 7 ओवर में ही 1 विकेट पर 81 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रकाश 45 व वेकार ने 25 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच प्रकाश हुए। मैच का शुभारंभ बीईओ शाहगंज राजीव कुमार यादव व बीईओ करंजाकला सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव ने कहा कि इस मतदाता जागरूकता क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्देश्य मतदाताओं को 7 मार्च को मतदान करने के लिए जागरुक व प्रेरित करना है। जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जौनपुर का मतदान प्रतिशत बढ़े, और एक मजबूत लोकतंत्र वाली बेहतर सरकार का गठन हो। खण्ड शिक्षा अधिकारी करंजाकला सुनील कुमार ने कहा कि सभी मतदाता शत् प्रतिशत मतदान करें



तथा दूसरों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लें। उन्होंने केवाईसी, सी- विजिल व पीडब्ल्यूडी ऐप डाउनलोड करने हेतु भी जागरुक किया। स्वीप कोआर्डिनेटर सै मो मुस्तफा ने बताया कि जनपद में हर ब्लाक में न्याय पंचायत स्तर पर मैचों के बाद ब्लाक की टीम बनाई गई, अब ब्लाकों का दूसरे ब्लाकों के बीच मैच हो रहे हैं। इस क्रिकेट मैच के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर से लेकर ब्लाक व नगर स्तर के हर मतदाताओं को 7 मार्च को मतदान करने हेतु जागरुक करते हुए प्रेरित करना है। अन्त में उपस्थित लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अतुल सिंह, लोकेश मौर्य, नीतीश सिंह, निलेश चौधरी, अमरेन्द्र सिंह, संजीव अस्थाना, दिनेश प्रजापति, विवेक सोनी, रोहन सहित अन्य शिक्षक, आदि उपस्थित रहे।

## बाइक रैली निकालकर किया मतदान के लिए प्रेरित

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद जौनपुर में सभी विकास खण्ड में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। शाहगंज तहसील मुख्यालय पर आदर्श प्राथमिक विद्यालय मैदान से बाइक रैली निकाली। जिसे उप जिलाधिकारी शाहगंज नीतीश कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में शिक्षक बाइक पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाएं, मतदान करने हेतु प्रेरणादाई नारे लगाते चल रहे थे। रैली तहसील रोड, सुरिस मोड़, पाखनपुर, ताखा, चिरैयामोड़, भादी, जेसीज चौराहा



आजमगढ़ बाईपास होते हुए, ब्लाक संसाधन केंद्र तक गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज राजीव कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करना है कि 7 मार्च को पहले मतदान करें फिर अन्य कोई काम करें। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी शाहगंज नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि आपके वोट से ही आपकी इच्छानुसार सरकार बनती हैं। प्रदेश, देश की मजबूती व मजबूत प्रजातंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है कि वे मतदान अवश्य करें। सभी मतदाता अपना कर्तव्य निभाते हुए स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व समाज के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में शाहगंज विधानसभा में सबसे अधिक जेंडर रेशियों बढा है। अब सभी वोटरों को अपना फर्ज निभाते हुए 7 मार्च को शत प्रतिशत मतदान करना है। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व दिव्यांग मतदाता की सुविधा के लिए पी डब्ल्यू डी ऐप डाउनलोड कर जन जागरूकता करें। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, राजीव मयंक, अशोक मौर्य, वीरेन्द्र कुमार, अशोक सोनकर, गुफरान अहमद, ओम प्रकाश यादव, लालमनि, नेमचंद्र, अरविंद मौर्य, दिनेश प्रजापति, राज बहादुर सहित सैकड़ों शिक्षक बाइक के साथ चल रहे थे।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा 364 365 366 एवं 371 विधानसभा निर्वाचन के मत स्थलों को किया गया संशोधित

जौनपुर सू.वि. : उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के 23 फरवरी 2022 के क्रम में 364 बदलापुर, 365 शाहगंज, 366 सदर एवं 371 जफराबाद विधानसभा निर्वाचन के मत स्थलों को निम्नानुसार संशोधित कर दिया गया है। विधानसभा 364 बदलापुर में पूर्व मतदेय स्थल 148 सरोखनपुर श्री कृष्णनगर जूनियर हाईस्कूल कक्ष नंबर 03 को संशोधित करते हुए 148 सरोखनपुर श्री कृष्णनगर जूनियर हाईस्कूल कक्ष नंबर 03, 148अ सरोखनपुर श्री कृष्णा नगर जूनियर हाई स्कूल कक्ष नंबर 8, 180 जूनियर हाई स्कूल बदलापुर खुर्द उत्तर भाग के स्थान पर 180 जूनियर हाईस्कूल बदलापुर खुर्द उत्तर भाग, 180अ जूनियर हाईस्कूल बदलापुर खुर्द उत्तर भाग, 181 जूनियर हाईस्कूल बदलापुर खुर्द मध्य भाग के स्थान पर 181 जूनियर हाई स्कूल बदलापुर खुर्द मध्य भाग, 181अ जूनियर हाईस्कूल बदलापुर खुर्द मध्य भाग, 216 प्राथमिक विद्यालय अगरौरा मध्य भाग के स्थान पर 216 प्राथमिक विद्यालय अगरौरा मध्य भाग, 216अ प्राथमिक विद्यालय अगरौरा मध्य भाग, 312 पंचायत भवन पूरा होलराय दक्षिण भाग के स्थान पर 312 पंचायत भवन पूरा होलराय दक्षिण भाग, 312अ पंचायत भवन पूरा होलराय द0भाग, विधानसभा 365 शाहगंज से 44 प्राथमिक पाठशाला सुईथाकला प्रथम के स्थान पर 44 प्राथमिक पाठशाला सुईथाकला प्रथम, 44अ प्राथमिक पाठशाला सुईथाकला प्रथम, 192 प्राथमिक पाठशाला परासिन पूर्व भाग के स्थान पर 192 प्राथमिक पाठशाला पर परासिन पू0भाग, 192अ प्राथमिक पाठशाला परासिन पूर्व भाग, 302 प्राथमिक पाठशाला रसूलपुर के स्थान पर 302 प्राथमिक पाठशाला रसूलपुर, 302अ प्राथमिक पाठशाला रसूलपुर, 391 प्राथमिक पाठशाला बीरमपुर पूर्व भाग के स्थान पर 391 प्राथमिक पाठशाला बीरमपुर, 391अ प्राथमिक पाठशाला बीरमपुर पूर्व भाग, विधानसभा 366 जौनपुर से 347 मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज सुक्खीपुर मध्य भाग के स्थान पर 347 मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज सुक्खीपुर मध्य भाग, 347अ मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज सुक्खीपुर मध्य भाग, 368 स0बा0इं0का0 मरदानपुर पूर्व भाग के स्थान पर 368 स0बा0इं0का0 मरदानपुर पूर्व भाग, 368अ स0बा0इं0का0 मरदानपुर पू0भाग, विधानसभा 371 जफराबाद 177 प्राथमिक विद्यालय सादीपुर दक्षिण भाग के स्थान पर 177 प्राथमिक विद्यालय सादीपुर दक्षिण भाग, 177अ प्राथमिक विद्यालय सादीपुर द0 भाग में संशोधित किया गया है।

## आयुक्त वाराणसी मंडल वाराणसी एवं आईजी रेंज वाराणसी द्वारा अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में की गई बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मा0 आयुक्त वाराणसी मंडल वाराणसी दीपक अग्रवाल एवं आईजी रेंज वाराणसी के0 सत्यनारायण के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2022 सकुशल, निर्विघ्नं संपन्न कराने हेतु अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि निर्वाचन के संबंध में सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जनपद में 18 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनपद को 32 जोन एवं 261 सेक्टर में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलट की प्रिंटिंग हो चुकी है। 80 प्लस मतदाताओं, दिव्यांग एवं कर्मचारियों को पोस्टल बैलट से मतदान की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। 24 फरवरी से द्वितीय प्रशिक्षण टीडी कॉलेज में दिया जाएगा, जिसके उपरांत कार्मिकों का मतदान पोस्टल बैलट से कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा पुलिस विभाग के द्वारा की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया गया। मा0 आयुक्त वाराणसी ने प्रशासन के द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कहा कि निर्वाचन के कार्य को उत्साह पूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान का प्रथम एक घंटा बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारी सतर्क रहेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर ले ताकि चुनाव के दिन कोई भी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि पार्टी रवानगी के समय ईवीएम एवं अन्य उपकरण अच्छे से चेक कर ले। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि जहां पर मतदान प्रतिशत कम हो वहां पर जाकर समस्याओं का विश्लेषण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। अधिकारी एक प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान बना ले, प्रत्येक गांव के 05 लोगों का मोबाइल नंबर अवश्य रखें। आईजी रेंज वाराणसी के0 सत्य नारायण द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे बूथ जहां पर आसानी से न पहुंचा जा सके उन बूथों को पूर्व में ही चिन्हित कर लिया जाए। सभी मतदान केंद्रों पर वैकल्पिक लाइट की व्यवस्था की जाए। मतदान केंद्र के छत पर भी पुलिस के बल तैनात रहे तथा सभी अधिकारियों के वाहन में दंगा नियंत्रणयंत्र अवश्य रहे। इसके पूर्व आयुक्त वाराणसी मंडल वाराणसी दीपक अग्रवाल एवं आईजी रेंज वाराणसी के सत्यनारायण के द्वारा टी0डी0 डिग्री कालेज में बने बूथ का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व रजनीश राय सहित, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## ''के0एन0 सिंह इण्टर कालेज बॉकी सिकरारा, जौनपुर'' में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं एक्शन प्लान फरवरी 2022 के अन्तर्गत माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एम0 पी0 सिंह की अनुमति से ''महिला सशक्तीकरण, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों एवं महिलाओं के अधिकार एवं सालसा की जन कल्याणकारी योजनाओं'' के विषय पर सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 23 फरवरी 2022 को ''के0एन0 सिंह इण्टर कालेज बॉकी सिकरारा, जौनपुर'' में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत द्वारा बताया गया कि बच्चों के अधिकारों में उनका अधिकार शामिल है। माता-पिता, मानवीय पहचान और शारीरिक सुरक्षा, भोजन सार्वभौमिक राज्य प्रदत्त शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बच्चे की उम्र और विकास के लिए उपयुक्त आपराधिक कानून, बच्चें के नागरिक अधिकारों के समान संरक्षण के लिए बुनियादी विकलांगता, रंग, जातीयता या अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव से मुक्ति। महिलाओं के अधिकारों की जानकारी प्रदान कराते हुए बताया कि महिलाओं को जागरूक होना जरूरी है एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है, परिवार आगे बढ़ता है, गांव-समाज आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है। भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृत्ति, मानव तस्करी और लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है जो देश को पीछे की ओर ढ़केलता है। भारत के संविधान में उल्लिखित समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना सबसे प्रभावशाली उपाय है। ''माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिको का भरण पोषण कल्याण अधिनियम 2007'' के बारे में बताते हुए कहा गया कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक, जिसकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है इसके अंतर्गत माता-पिता भी आते हैं, जो कि अपनी आय या अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, वो अपने वयस्क बच्चों या रिश्तेदारों से भरण-पोषण प्राप्त कर सकते है। इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि अगर रखरखाव करने का दावा करने वाले दादा-दादी या माता-पिता हैं और उनके बच्चे या पोता-पोती अभी नाबालिग हैं तो वो अपने रिश्तेदार जो उनकी मृत्यु के बाद उनका उत्तराधिकारी होगा पर भी दावा कर सकते हैं। इस अवसर पर डा0 मनोज सिंह प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि शिक्षित लड़कियों ने चिकित्सा, रक्षा सेवाओं, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे पेशेवर क्षेत्रों में योगदान देकर भारतीय समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। आज की लड़कियों ने अच्छी तरह से व्यवसाय के क्षेत्र में भी योगदान दिया है और अपने घर और कार्यालय दोनों को बहुत अच्छी तरह से संभाली है। आज बेहतर अर्थव्यवस्था और बेहतर समाज लड़कियों की शिक्षा का परिणाम है। शिक्षित महिलाएं शादी करने के बाद भी देश की आबादी को नियंत्रित करने में हमारी मदद कर सकती है। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर डा0 मनोज सिंह प्रधानाचार्य, लल्लन सिंह (सेवानिवृत्त शिक्षक), रोहित सिंह, संजय गुप्ता, शाश्वत सिंह, बृजेश यादव, किशन कुमार, मंजीत कुमार, श्रीमती पूनम गौड़, आरती यादव, रेनू सिंह अध्यापक/अध्यापिका बच्चे एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। शिविर का संचालन अरूण कुमार मौर्या द्वारा किया गया।

## विधानसभा निर्वाचन-2022 हेतु कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित की गई प्रेस वार्ता

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2022 के संदर्भ में प्रेस वार्ता कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि टी0डी0 कालेज में 24 फरवरी 2022 को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी मतदान कार्मिकों को निर्देश दिया कि गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। गर्भवती एवं दिव्यांगजन व गंभीर रूप से ग्रसित लोगों को ही ड्यूटी से अवमुक्त किया जाएगा। कार्मिक अनावश्यक ड्यूटी कटवाने के लिए प्रयास न करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कहा कि यदि योग्य कार्मिक चुनाव ड्यूटी नही करेगा तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। 24 फरवरी को प्रशिक्षण के साथ ही पोस्टल बैलेट से कार्मिको का मतदान कराया जाएगा, स्टेशनरी के समान वितरित किये जाएंगे। उन्होंने सभी को निर्देश दिया है कि बूस्टर डोज अवश्य लगवा ले। आयुष विभाग के द्वारा कोविड का एक किट तैयार किया गया है, जिसे मतदान कर्मियों को वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य किया जाए। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिको का एग्जाम भी कराया जाएगा। जिसमे 50 में से 45 प्रश्न सही करना पड़ेगा अन्यथा पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय उपस्थित थे।

## व्यक्ति को दिल से जोड़ता है मातृभाषा का भाव : पूर्व न्यायाधीश मंगल प्रसाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं गुरु नानक कॉलेज स्वायत्तशासी चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सात दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के तीसरे दिन तृतीय तकनीकी सत्र में कानून के क्षेत्र में शिक्षण, शोध एवं रोजगार सृजन में मातृभाषा की उपादेयता विषय पर भूतपूर्व न्यायाधीश उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा मंगल प्रसाद ने कहा कि हिन्दी भाषा के कई शब्द बहुत क्लिष्ट है जैसे रेलवे को लौहपथगामिनी कहना कठिन है ऐसे में हम रेलवे को ही स्वीकार कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि मातृभाषा का भाव व्यक्ति को दिल से जोड़ता है। उन्होंने समाचार पत्र, पत्रिका और किताब के प्रकाशन के संबंध में विधिक जानकारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विधि के क्षेत्र में शिक्षण, शोध और रोजगार के क्षेत्र में मातृभाषा की उपादेयता और उपयोगिता के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में मातृभाषा के प्रयोग को मान्यता मिलनी चाहिए क्यूंकि जो क्रिया अंग्रेजी में हो सकती है वो मातृभाषा में भी हो सकती है। पत्रकारिता में मातृभाषा की उपादेयता विषय पर स्पाइल दर्पण एवं ओस्लो यूरोप नार्वे के संपादक सुरेश चंद्र शुक्ल ने कहा स्थानीय भाषा में पत्र की पठनीयता ज्यादा होती है। उन्होंने नार्वे का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां बिना स्रोत के ना तो खबर ना ही फोटो प्रकाशित होती है। दोनों पर स्रोत देना जरूरी है। उन्होंने मातृभाषा में प्रकाशित समाचार पत्रों के बारे में विस्तार से बताया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य जुड़ी रहीं। कार्यशाला डॉ. मनोज कुमार पांडेय और डॉ. डाली के संयोजकत्व में आयोजित है। संचालन डॉ मनोज पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन गुरु नानक महाविद्यालय की डॉ. अनिता पाटील ने किया। इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी प्रो. वंदना राय, प्रो.देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवधा बिहारी सिंह, डॉ धीरेन्द्र चौधरी, मंगल प्रसाद यादव, श्रीमती गुड़िया चौधरी, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा से रेखा वर्मा, डॉ. विजय पाटिल आदि ने प्रतिभाग किया।

## अगर हमारे पन्ना प्रमुख सक्रिय हो जाये कि हम चुनाव बड़े आराम से जीत जायेगे : पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी मुंगराबादशाहपुर विधान सभा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में सम्मेलन सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला प्रभारी व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए कमर कस कर तैयार रहने का आह्वान किया। निर्देश दिया कि कार्यकर्ता घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएं। बूथ स्तरीय सम्मेलन में जिला प्रभारी ने कहा कि सभी मंडल, बूथ व सेक्टर संयोजक अपनी जिम्मेदारी समझे और हर घर पर जाएं और लोगों से अपनी नीतियों और विकास कार्य को बताएं। पूर्व मंत्री सुबास पाण्डेय ने उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहा कि भाजपा सम्मान देने वाली पार्टी है इस पार्टी का सहयोग हम सभी को करना चाहिए। राज्यसभा की सांसद सीमा द्विवेदी ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। आगे कहा कि महामारी की विषम परिस्थिति में भी केंद्र सरकार उर प्रदेश सरकार ने महामारी नियंत्रण के साथ जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि गांव स्तर पर केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभ बढ़ चढ़कर लोगों को मिल रहा। देश के सशक्त नेतृत्व का परिणाम है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर देश की शक्ति का विश्व स्तर पर अहसास कराया है। भाजपा प्रत्यासी अजय शंकर दुबे ने कहा कि कभी देश के नेतृत्वकर्ता के एक ही परिवार के मां, बेटे, बाप, बेटे का ही बोलबाला था। नरेंद्र मोदी ने इसे समाप्त किया। आज भी उत्तर प्रदेश में एक ही परिवार की सरकार चल रही थी। परन्तु इस बार योगी की सरकार बनी है जिसमे आप सब की महती भूमिका रही। अध्यक्षता करते



हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार महापुरुषों के नाम पर योजनाओं का क्रियान्वयन करती है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती हैं। परंतु तुष्टीकरण, भाई भतीजावाद के कारण प्रदेश के गरीब लोगों को अधिकार से वंचित रखा गया। आज भी न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति के लिए लोगों को अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र विजय शुक्ला ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री द्वय सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, विधानसभा प्रभारी बालकृष्ण पाण्डेय, धनन्जय सिंह, पुष्पा शुक्ला, आमोद सिंह, रंजना सिंह, अमित मिश्रा, अजय सरोज, राजकुमार जायसवाल, इन्द्रसेन सिंह, प्रतीक मिश्रा, प्रमोद प्रजापति, राहुल दुबे, मण्डल अध्यक्ष गण सुरेन्द्र विक्रम सिंह, महेंद्र बिन्द, चन्द्रेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, दिलीप शर्मा एवं सेक्टर संयोजक गण, बूथ अध्यक्ष गण आदि उपस्थित रहे।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु न्यायिक अधिकारीगण की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 12 मार्च 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्धा में विचार-विमर्श हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह की अध्यक्षता में 23 फरवरी 2022 को समस्त न्यायिक अधिकारीगण की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विचार-विमर्श करते हुए माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों का निस्तारण कराये जाने हेतु प्रभावी कदम उठाये जाने हेतु न्यायालयों में निस्तारण योग्य लम्बित अधिकतम वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों का निस्तारण कर लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में आगामी लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना पर भी विचार किया गया। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सभी मजिस्ट्रेट एवं सिविल न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारीगण द्वारा अधिकतम मामलों का निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

## हत्या के मुकदमें में नामजद अभियुक्त को थाना सरायख्वाजा पुलिस ने किया गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं पुरस्कार घोषित, वाछिंत अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर के दिशा निर्देशन व पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक मय हमराह हे0का0अनिल सिंह का0मुचकुन्द यादव के द्वारा मु0अ0सं0 76/22 धारा 302 भादवि व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मुन्ना उर्फ अफजाल पुत्र फिरोज निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जौनपुर उम्र करीब 46 वर्ष को दिनांक 23.02.2022 को समय 06.05 बजे अन्दर 24 घण्टे जमुहाई मोड़ से गिरफ्तार किया आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त- 1.मुन्ना उर्फ अफजाल पुत्र फिरोज निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जौनपुर उम्र करीब 46 वर्ष गिरफ्तार करने वाली टीम 1- प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2- हे0का0अनिल सिंह थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 3- का0मुचकुन्द यादव थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## बदलापुर के सभी मतदान केंद्र में महिलाओं हो विशेष आदर और सम्मान - बदलापुर प्रेक्षक अजय नाथ झा

जौनपुर सू.वि. : 364-बदलापुर प्रेक्षक श्री अजय नाथ झा ने आज बदलापुर विधानसभा के कई मतदान केंद्रों का अवलोकन कर विभिन्न निर्देश दिए। श्री अजय नाथ झा ने निर्देश दिया कि बदलापुर के सभी मतदान केंद्र में महिलाओं विशेष आदर और सम्मान हो। बदलापुर के नगर पंचायत जूनियर हाईस्कूल जहां पिंक बूथ सहित 08 चुनाव बूथ है की साफ सफाई से नाराज होते हुए पूरे परिसर की साफ सफाई, शौचालय आदि की मरम्मत कराए जाने का निर्देश नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को दिया। श्री झा ने निरसादपुर के मतदान केंद्र 163, 164 165 और मुखालिसपुर नेवादा के 141, 142, 143 केंद्र का निरीक्षण करते हुए सभी बीएलओ को अपने केंद्र के सभी मतदाताओं को संपर्क कर यह जानने का निर्देश दिया कि उन्हें एपिक कार्ड मिल गए हैं अथवा नहीं। साथ ही उन्हे मतदान केंद्र के बारे में जानकारी देकर वोट के लिए प्रेरित करने को कहा। प्रेक्षक श्री झा ने कहा कि सभी केंद्र साफ सुथरे रहें। पेय जल और शौचालय की व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर आरओ, सीओ, तहसीलदार, संपर्क अधिकारी सहित अन्य सभी कार्य क्षेत्र के अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्थान सरकार मे पुरानी पेंशन बहाली पर अटेवा जौनपुर में दौड़ी खुशी की लहर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजस्थान सरकार द्वारा बजट सत्र 2022 पर पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा कर देने से शिक्षकों कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, अटेवा जौनपुर के लोग एक दूसरे से प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुरानी पेंशन बहाली का जोरदार स्वागत किया । अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के संघर्ष का परिणाम आज सामने है उन्होंने सभी से पुरानी पेंशन के लिए वोट करने की अपील की स अटेवा जौनपुर के जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने मीडिया से बात करते हुए राजस्थान सरकार के प्रति आभार जताया और आशा व्यक्त किया व बताया कि अब कर्मचारियोंधशिक्षकों में एक नई आशा और उम्मीद जगी है कि उत्तर प्रदेश में भी पुरानी पेंशन बहाल होगी । सबकी निगाहें उत्तर प्रदेश की चुनाव पर टिकी हैं। खुशी का इजहार करते हुए अटेवा जनपद जौनपुर के पदाधिकारी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंदन सिंह जिला महामंत्री संदीप कुमार चौधरी , शांत सिंह, शिवबचन यादव , यादवेंद्र नंदलाल यादव को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जाहिर किया गया। इस अवसर पर रत्तीलाल निषाद , मनीष यादव , सुभाष सरोज ,विनोद यादव , टी एन यादव व अटेवा जनपद जौनपुर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव में जात–धर्म में बांटने वाली नफरती ताकतों को सजा देगी जनता – संयुक्त मोर्चा किसान सभा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)विधान सभा चुनाव में भाजपा को सजा देने की अपील के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अयोध्या पहुँचे।एक स्थानीय होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह, क्रांतिकारी किसान यूनियन के प्रदेश प्रभारी शशिकांत, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के प्रांतीय सचिव विमल त्रिवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के चुनाव में बीजेपी को वोट की चोट देना हर किसान का ही नहीं जनता के तमाम वर्गों का मकसद है।इसी मकसद को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की अपील को हर परिवार तक पहुंचाने के लिए हम लोग हर जिले में जा रहे हैं।किसान संगठनों से जुड़े नेताओं ने पत्रकारों को जो अपील सौपी उस अपील में बहुत ही मार्मिक शब्द लिखे थे संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि देश के करोड़ों किसानों ने अपनी फसल और आने वाली नस्ल को बचाने के लिए एक ऐतिहासिक आंदोलन लड़ा दिल्ली के बॉर्डर पर सर्दी गर्मी बरसात सही सरकारी लाठियां खाई दरबारी लोगों की गालियां सुनी यह संघर्ष में 700 से ज्यादा किसान साथियों ने शहादत दी इस ऐतिहासिक आंदोलन में सरकार को किसान विरोधी कानून वापस लेने पर मजबूर किया जिस तरह किसानों ने काले कानूनों के खिलाफ लड़ाई लड़कर विजय हासिल की उसी तरह यूपी की जनता को इस चुनाव में बीजेपी को हराकर या लड़ाई जीतनी होगी।पत्रकारों को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि अब जनता इनके हिन्दू–मुस्लिम चुनावी कार्ड में नहीं फंसने वाली। इस बार चुनाव में जात–पात और धर्म में बांटने वाली नफरती ताकतों को यूपी की जनता सजा देगी।देश का किसान अपनी खेती के मोल, मजदूर अपनी मजदूरी, युवा रोजगार के लिए सडकों पर तो संघर्ष कर ही रहा है, अब चुनाव में भी भाजपा को खदेडेगा। प्रेस वार्ता के दौरान किसान नेताओं ने अयोध्या की आम जनता से भाजपा को चुनाव में सजा देने की अपील की।प्रेस वार्ता में राज्य नेतृत्व के अलावा एसकेएम जिला संयोजक मायाराम वर्मा, उत्तर प्रदेश किसान सभा के बाबूराम यादव, अखिल भारतीय किसान महासभा अतीक अहमद, उ. प्र. खेत मजदूर संगठन के शैलेन्द्र सिंह, भाकियू के अभयराज ब्रह्मचारी, दृगपाल वर्मा, कमला प्रसाद बागी, जनवादी नौजवान सभा के प्रदेश महासचिव सत्यभान सिंह शेख मोहम्मद,अखिलेश चतुर्वेदी, माले नेता अतीक अहमद,अखिलेश सिंह,शैलेंद्र सिंह,अशोक यादव,मायाराम वर्मा, शेरबहादुर शेर,शिवधर द्विवेदी,रमेश सिंह, बाबुराम यादव,विश्राम प्रजापति, जगदीश वर्मा,रामपाल,देव प्रकाश वर्मा,कृष्ण कुमार मौर्या, प्रमुख किसान नेता एवं संघर्षशील नेता शामिल रहे।

## विधानसभा चुनाव प्रचार को दो दिन शेष : प्रत्याशियो ने लगाई पूरी ताकत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव के प्रचार को आज कल'' दो दिन'' बचे हैं। चुनाव प्रचार में सभी प्रमुख उम्मीदवार पूरी ताकत झोंक दी हैं। चुनाव प्रचार 25 फरवरी की सायं पांच बजे थम जाएगा।जिले में पांच विधानसभा सीट है। मतदान 27 फरवरी को है। सभी पांच सीटों पर भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस समेत 46 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।भाजपा की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा गठबंधन से केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा समेत कई पार्टी के स्टार प्रचारक आ चुके हैं। समाजवादी पार्टी की तरफ से स्टार प्रचारकों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही शामिल हैं।बसपा के स्टार प्रचारकों में अकेले सतीश मिश्र एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख है। एआइएमआइएम के स्टार प्रचारकों में राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी शामिल है। बचे 72 घंटे के चुनावी प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारकों में 24 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या में एवं 25 फरवरी को सपा के स्टार प्रचारकों में अखिलेश यादव अयोध्या में एवं उसी दिन रुदौली सीट से एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी चुनावी सभा को संबोधित करने वालों में शामिल होंगे।जिन प्रमुख उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला ईवीएम से करीब 18 लाख से अधिक मतदाता करेंगे उनमें प्रतिष्ठित अयोध्या सीट से भाजपा के विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रुदौली सीट से रामचंद्र यादव, मिल्कीपुर (सुरक्षित) से गोरखनाथ बाबा हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर (सुरक्षित) सीट से, अयोध्या से पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन, रुदौली से पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव, गोसाईगंज सीट से पूर्व विधायक अभय सिंह सपा के प्रमुख उम्मीदवारों में हैं। रुदौली सीट से पूर्व विधायक अब्बासअली जैदी व बीकापुर सीट से साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील पाठक बसपा के प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं।वही कांग्रेस से पूर्व विधायक माधवप्रसाद के पुत्र बृजेश रावत मिल्कीपुर (सुरक्षित) सीट से एवं रुदौली सीट से दयानंद शुक्ल का नाम भी कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में है।

## सभी बच्चों को गणित एवं भाषा की दक्षता हासिल करने में सभी शिक्षक सहयोग करें – संध्या श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में प्रचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु बैठक का आयोजन जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सुनील कुमार श्रीवास्तव,सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों, डायट मेंटर्स , ए आर पी तथा एस आर जी की उपस्थिति में किया गया।इस मौके पर डायट प्रचार्या ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी ए आर पी , एस आर जी और डायट मेंटर्स सभी बच्चों को भाषाई और गणितीय दक्षता विकास में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सहयोग करें। राष्ट्रीय मिशन के तहत निपुण भारत योजना के अंतर्गत संचालित 100 डेज रीडिंग कॉम्पैन में जनपद के सभी विद्यालयों के बच्चों को प्रतिभाग करायें जिससे उनमें पठन क्षमता कौशल का विकास किया जा सके।डायट प्रचार्या ने सभी ए आर पी के कार्य एवं दायित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सब लोग उन विद्यालयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण अवश्य करें जंहा के ज्यादातर बच्चे ई ग्रेड में हैं तथा सभी लोग अपनी कार्य योजना का अभिलेखीकरण करते हुए उसे अवश्य साझा करें। इस मौके पर प्रचार्या ने कहा कि सभी ए आर पी , एस आर जी और डायट मेंटर्स अपने पर्यवेक्षण के दौरान समृद्ध , सहज , आधारशिला भाषा संदर्शिका और गणित संदर्शिका पर शिक्षकों के मध्य अवश्य चर्चा करें।जिला समन्वयक( प्रशिक्षण) सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी एस आर जी




तथा ए आर पी द्वारा दिये गए लक्ष्य के अनुसार यूनिक विद्यालयों का पर्यवेक्षण योजना बनाकर करें जिससे कि कोई भी विद्यालय पर्यवेक्षण से छूटने न पाए।बैठक के अंत में डायट प्रचार्या ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के माध्यम से एक दूसरों के नवाचारों व गुणवत्ता पूर्ण कार्यों को साझा करने का आह्वान किया।बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा , तारकेश्वर पाण्डेय,डायट मेंटर मनोज कुमार , प्रतिमा चतुर्वेदी, प्रतिभा , डॉ राम चन्द्र यादव , राकेश कुशवाहा ,एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी , मनीष रस्तोगी , अमित कुमार मिश्रा , ए आर पी मनीष शुक्ला , डॉ नीरज शुक्ला , डॉ रजनी रंजन जायसवाल, डॉ अनामिका मिश्रा , कृष्ण कुमार त्रिपाठी व अन्य अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## दो दिन अयोध्या में रहेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ : सीएम योगी जाएंगे तो अखिलेश आएंगे अयोध्या

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या को लेकर चुनावी जंग में सीएम योगी और अखिलेश अंतिम क्षणों तक प्रचार करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सामने गढ़ बचाने की चुनौती की गंभीरता को देखते हुए अब अयोध्या सदर के चुनावी रण का अंतिम मोर्चा अंतिम क्षणों में स्वयं योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। वह न केवल रोड शो करेंगे बल्कि रात में रुक कर संत –महात्माओं से मिलेंगे और सुबह रामलला और हनुमान जी के दर्शन करने के बाद यहां से आगे रवाना होंगे। अयोध्या में सीएम रहते योगी आदित्यनाथ इस बार 45 वीं बार अयोध्या आएंगे, अयोध्या में सीएम रहते योगी आदित्यनाथ इस बार 45 वीं बार अयोध्या आएंगे योगी का चुनाव में तीसरा तो अखिलेश का दूसरा फेरा यह अयोध्या जिले में सीएम का चुनावी चक्र का तीसरा फेरा है।वहीं अखिलेश यादव भी 25 फरवरी को चुनावी माहौल में दूसरी बार अयोध्या आ रहे हैं।यह अखिलेश यादव का भी तीसरा चक्कर होता लेकिन चुनाव की घोषणा और खराब मौसम के चलते उनको अपना कार्यक्रम रद करना पड़ा था। वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्री के बीच तू डाल डाल मैं मैं पात का खेल चुनाव के अंतिम चरण तक जिले में जारी रहेगा। जिले की अन्य चार विधानसभा सीटों को बचाने की जद्दोजहद भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ी अयोध्या सदर की सीट के साथ ही जिले की अन्य चार विधानसभा सीटों को बचाने की जद्दोजहद चल रही है। जिले के चुनावी हालात से वाकिफ मुख्यमंत्री अंतिम क्षणों में कोई रणनीतिक चूक नहीं करना चाहते,इसलिए वह चुनाव प्रबंधन का जायजा स्वयं लेंगे।कल यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।वह उनसे भी चुनाव की स्थिति पर चर्चा करेंगे। रुदौली और गोसाईंगंज में जनसभा भी करेंगे योगी,25 को अनुराग ठाकुर रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले की सीमा में दोपहर में प्रवेश कर दौरे की शुरुआत रुदौली कस्बे से करेंगे। जहां उनकी जनसभा प्रस्तावित है। उसके बाद वह गोसाईंगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम को वह अयोध्या धाम में रोड शो कर माहौल को केसरिया करने की कोशिश करेंगे।वह अयोध्या में ही रात्रि विश्राम करेंगे।इस दौरान वह धर्म नगरी के संतों सन्यासियों से भेंट मुलाकात भी करेंगे। भाजपा चुनाव से ठीक पहले तक मैदान खाली नहीं छोड़ेगी। चुनाव प्रचार बंद होने की रात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 25 फरवरी को फैजाबाद शहर में रोड शो करेंगे। अखिलेश यादव 25 फरवरी को अयोध्या जनपद के दौरे पर रहेंगे सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 25 फरवरी को अयोध्या जनपद के दौरे पर रहेंगे। वह 12:00 बजे लालगंज की बाग तारुन गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी अभय सिंह के समर्थन में जनसभा करेंगे। वह दोपहर एक बजे अयोध्या धाम पहुंचेंगे और भाजपा के गढ़ से अपनी चुनौती पेश करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री राम कथा पार्क से फैजाबाद शहर के गांधी पार्क तक रोड शो करेंगे।

# मित्रसेन यादव के नाम पर शुरू होंगी मिल्कीपुर में विकास योजनायें – अवधेश प्रसाद

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) समाजवादी पार्टी द्वारा संत भीखा दास आश्रम मोहाली के प्रांगण में आयोजित की गई।इस जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के जननायक मित्रसेन यादव के नाम पर विकास योजनाओं की शुरुआत की जाएगी मोहली के प्रधान प्रतिनिधि सुधाकर सिंह द्वारा आयोजित जनसभा में बोलते हुए अवधेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमारे कार्यकाल में शुरू किए गए गांव के अस्पताल में सांडो का आश्रय स्थल बना दिया है छुट्टा सांडो से जनता त्राहि–त्राहि कर रही है उन्होंने कहा कि ,,बन्द हो गया चीनी तेल अब देखो योगी का खेल,, सभा का संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता रामजी पाल ने किया तथा सभा की अध्यक्ष चौधरी महेन्द्र सिंह ने किया जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी नेता मयूरी तिवारी ने बेरोजगारों की समस्या पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि आज महंगाई से आम आदमी पस्तहै !और महिलाओं को किचन संभालना मुश्किल हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा उन पर किये गये अत्याचार और अन्याय को सिलसिलेवार ढंग से बताते हुए कहा कि यह जुल्मी सरकार आप के मतदान से ही हटायी जा सकती है, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल सिंह ने भाजपा सरकार की कमियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज युवा शिक्षक महिला दलित मजलूम इस सरकार से परेशान है और आने वाली 27 फरवरी को जनता अपने वोट की चोट से सरकार को सत्ता से बाहर कर देंगी! सभा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करने वालों में दीपक सिंह राम कुमार अवस्थी यदुनाथ यादव कप्तान तिवारी रामजी पाल अमर प्रताप सिंह बीर प्रताप सिंह अनिल यादव प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार शुक्ला छिन्नू सिंह उर्फ अमर प्रताप सिंह सोनू सिंह मोहम्मदपुर सोनू उर्फ अशफाक खां अनीश खां कृष्ण कुमार शुक्ला दीपक सिंह प्रधान आदि लोग शामिल रहे समाजवादी पार्टी की इस जनसभा में दर्जनों की संख्या में पूर्व प्रधान और बीडीसी सदस्यों ने समाजवादी पार्टी में की सदस्यता ग्रहण की जिन्हें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने पार्टी का झंडा सौंप कर पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान करना है जरूरी – कुलपति

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों द्वारा अलग–अलग ,शिक्षकों एवं छात्रों की टोली बनाकर मतदाता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन निरंतर आयोजित किया जा रहा है।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने समस्त टोली को निर्देश एवं अपना संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को मताधिकार प्रयोग करने हेतु जागरूक करें, 18 वर्ष से अधिक युवाओं का मतदाता पहचान पत्र बनवाकर वोटिंग हेतु प्रेरित करें, जाति, धर्म, समुदाय, रिश्तेदारी से ऊपर उठकर, भयमुक्त तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से न प्रभावित होकर मतदान करें। साथ ही साथ नोटा बटन के बारे में भी जानकारी देते हुए मतदान में रुचि पैदा करें, जिससे स्वस्थ लोकतंत्र देश का निर्माण किया जा सके।इस संबंध में विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रभात फेरी करके जनमानस को ''छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान'', ''चुनाव है लोकतंत्र की शान, वोट देकर करो इसका सम्मान'' आदि स्लोगनो से मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मत्स्य महाविद्यालय द्वारा ग्राम इसौलीभारी, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम जोरियम की महिलाओं, पशुपालन महाविद्यालय द्वारा ग्राम बिरौली एवं कृषि महाविद्यालय द्वारा ग्राम डोभियारा में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र–छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र की किशोर–किशोरियों को प्रत्येक मत का देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में कितना महत्व है, को समझाते हुए मतदान करने हेतु जागरूक किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिष्ठाता डॉ वेद प्रकाश, डॉ आर के जोशी, डॉ पी एस प्रमाणिक,डॉ नमिता जोशी तथा डॉ आभा सिंह ,डॉ देवाशीष नियोगी,डॉ सत्यव्रत,डॉ मुकेश, रणधीर सिंह, महेंद्र, डॉ सी पी सिंह,डॉ दिनेश, डॉ सुमित, डॉ ज्योति,डॉ सीताराम, डॉ सुशील कुमार, डॉ सुरेश,डॉ उत्कर्ष त्रिपाठी आदि विशेष रूप से सक्रिय हो कर मतदाता जागरूक कार्यक्रम चला रहे हैं।

## रुदौली विधानसभा की सीट पर कौन निभायेगा निर्णायक भूमिका

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के रुदौली विधानसभा में लगभग पौने चार लाख मतदाता हैं।अगर इस समय जातीय आधार पर बात करे तो इस विधानसभा क्षेत्र में एक नंबर पर अन्य पिछड़ी जाति,दूसरे नंबर पर मुस्लिम मतदाता और उसके बाद अनुसूचित जाति शामिल है।अगर देखा जाये तो इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या इतनी है कि जिस प्रत्याशी को एकतरफा वोट कर दें तो वही प्रत्याशी जीत जाए।भाजपा तगड़ी प्लानिंग के तहत पिछले दो चुनाव से रामचन्द्र यादव को खड़ा कर रही है जिसका सीधा फायदा बीजेपी को मिल रहा है।उसी प्लानिंग् के तहत इस बार बीजेपी ने फिर रामचंद्र यादव को टिकत दिया है।इस सीट पर मुस्लिम वोटों में बिखराव होता रहा है जिससे मुस्लिम बाहुल्य होने बावजूद कई मुस्लिम चेहरे मैदान में आ जाते है।जिसकी वजह से भाजपा प्रत्याशी जीत जाता है।रामचन्द्र यादव की बात की जाए तो वो पहले समाजवादी पार्टी से मिल्कीपुर से विधायक चुने गए थे बाद वो बसपा फिर बीजेपी में चले गए।इस सीट की सियासी तारीख की बात करे तो इस सीट पर 1952 में कांग्रेस से महंत जगन्नाथ दास बख्श जीतें।1957 और 1962 में जन संघ से मुकुट बिहारी अग्रवाल विधायक बने।1967 में चन्द्र कुमार त्रिवेदी निर्दलीय जीते।1969 में कांग्रेस से कृष्ण मगन सिंह जीते।1974 में सोशलिस्ट पार्टी के कैंडिडेट रामसेवक यादव विजय हुई।1980 में जनता पार्टी से प्रदीप कुमार यादव जीते।1984 में कांग्रेस से मरगूब अहमद खान विधायक हुए।1989 में जनता दल से प्रदीप कुमार यादव और 1991 में भाजपा से पहली बार रामदेव आचार्य विधायक बने।1993 में सपा से इश्तियाक अहमद जीते।1995 में दूसरी बार बार रामदेव आचार्य विधायक बने।2002 और 2007 में अब्बास अली जैदी जीते और 2012 और 2017 में रामचन्द्र यादव विजय हुए।2012 के चुनाव रिजल्ट को देखे तो 187287 वोट पड़े थे जिनमें भाजपा से रामचन्द्र यादव को 61173 वोट और रुश्दी मियाँ 60232 वोट पाए थे बसपा से शमशाद खान ने 34354 वोट पाए थे और कांग्रेस से मुनीर अहमद को 13574 वोट मिले थे बाकी अलग अलग दलो से लड़े प्रत्याशी वोट पाए। इस चुनाव में रुश्दी मियाँ 941 वोट से हार गए थे।2017 के हुए विधानसभा चुनाव में 210129 वोट पड़े जिनमे बीजेपी से रामचंद्र यादव को 90311 वोट मिले सपा से रुश्दी मियाँ को 59052 वोट मिले बसपा से फिरोज खान गब्बर को 47257 वोट मिले बाकी अन्य दल,निर्दलीय और नोटा पर वोट पड़े।रुश्दी मियाँ 31259 से बीजेपी के रामचन्द्र यादव से हार गए। पिछले दो चुनावों का ही रिजल्ट देखें तो यह पता चलता है इस सीट पर मुस्लिम वोट बिखर जाता है जिसका फायदा बीजेपी को मिलता है।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या इस बार बीजेपी की पुरानी प्लानिंग् वाली चाल कामयाब होगी?या रुदौली का मुसलमान वोटो के बिखराव को रोकेगा।वैसे सपा प्रत्याशी आनंदसेन यादव अपने यादव,मुस्लिम व अन्य वोटों की बदौलत जीत का दावा कर रहे हैं।वहीं बसपा प्रत्याशी अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां मुस्लिम,दलित व क्षत्रिय,ब्राम्हण व अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटों को अपने पक्ष में होने का दावा कर रहे हैं।वहीं भाजपा अपने 2017 में मिले मतों पर भरोसा कर अपनी जीत सुनिश्चित मान रही है।अब देखना होगा कि कौन से मतदाता इस बार चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगे?यह तो 10 मार्च 2022 के दिन ही पता चलेगा कि इस विधानससभा में किसके सिर पर जीत का ताज होगा।

## मशाल जुलूस निकालकर मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान हेतु प्रशासन ने किया जागरूक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकासखंड बीकापुर के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा आज मशाल जुलूस निकालकर मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान हेतु जागरूक किया गया।इसी कड़ी में विकास खंड बीकापुर से खंड विकास अधिकारी सुश्री नंदिनी साह के नेतृत्व में विकासखंड के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए मशाल जुलूस निकाला गया।जो विकासखंड से चलकर यह मशाल जुलूस बीकापुर बाजार, तहसील, कोतवाली, सीडीपीओ कार्यालय , पोस्ट ऑफिस , प्राथमिक विद्यालय , भारती इंटर कॉलेज , सीएचसी , बैंक ऑफ बड़ौदा बीकापुर होते हुए प्राथमिक विद्यालय जलालपुर माफी पहुंचा जहां ग्राम प्रधान मुकेश कुमार, विद्यालय के अध्यापक आंगनबाड़ी सहित ग्राम वासियों ने जुलूस का स्वागत किया। मशाल जुलूस के द्वारा मतदाताओं को मतदान के दिन समय से अवश्य मतदान। पहले मतदान फिर जलपान हेतु जागरूक किया गया। कर्मचारियों द्वारा निकाले गए मशाल जुलूस में जो विकास के काम करेंगे, वोट उसी के नाम करेंगे। वोट हमारा है अधिकार, कभी न करें इसे बेकार। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। न जात पर न धर्म पर, बटन दबाएं कर्म पर। बहकावे में कभी ना आना, सोच समझकर बटन दबाना। न नशे से न नोट से, किस्मत बदलेगी वोट से। हमको यह समझाना है, सबका वोट दिलवाना है। के नारे लगाकर सभी मतदाताओं को आकर्षित करते हुए मतदान हेतु प्रेरित किया गया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुश्री शाह के नेतृत्व में विकासखंड से निकाले गए इस मशाल जुलूस में मुख्य रूप से संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, सीडीपीओ राजेश कुमार गुप्त, सहायक विकास अधिकारी अजय तिवारी , अवनीश शुक्ला, बद्रीनाथ पांडे, राहुल पाठक, उषा रानी शर्मा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुरेश वर्मा, अवधेश प्रताप सिंह ,शुभम शुक्ला, राजेश कुमार, भीम सिंह रौनक ,रवि कुमार, सुरेश कुमार, जय प्रकाश वर्मा, अरुण दुबे, सृष्टि सिंह, एपीओ दानिश जमाल सहित मनरेगा स्टाफ एवं विकासखंड के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मशाल जुलूस के इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी सुश्री शाह के निर्देश पर विकासखंड की तोरो माफी, गुंधौर भैरोपुर टिकरा सहित लगभग सभी ग्राम पंचायतों से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी जुलूस निकालकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

# फसल की रखवाली करने गये किसान का कुए में मिला शव

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में फसल की रखवाली करने गए युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई।इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।मिली जानकारी के मुताबिक पटरंगा थाना क्षेत्र के पूरे कामगार गांव निवासी राम सुमिरन प्रजापति सोमवार की रात अपने घर से खेत की रखवाली करने के लिए निकले थे।राम सुमिरन जब काफी देर रात बीत जाने तक खेत से खाना खाने के लिए घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की परिजन उनको ढूंढ ही रहे थे तभी ग्रामीणों को गांव के बाहर एक कुएं में राम सुमिरन का शव दिखाई दिया।राम सुमिरन के मौत की खबर जंगल में आग की तरह गांव में फैल गई।देखते ही देखते वहां काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक राम सुमिरन की ही कमाई से पूरे परिवार भरण पोषण होता था ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के तीन नाबालिग बच्चे,पत्नी,बहन व बुजुर्ग मां हैं उनकी मौत से पूरे परिवार की दुनिया ही बिखर गई है।इस सम्बंध में हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मृतक रामसुमिरन पुत्र राम सरन प्रजापति निवासी ग्राम पूरे कामगार खेत की रखवाली करने गए जिनका शव एक कुएं से बरामद हुआ है।शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सरकारी जमीन से काटे शीशम के पेड़ : वन विभाग ने पुलिस को दी तहरीर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सर्किल मिल्कीपुर के खंडासा थाना क्षेत्र के रेवली गांव में सात शीशम के पेड़ों को काटने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि पांच पेड़ों को काटने की ही अनुमति थी। वन विभाग ने आरोपी पर 15 हजार रूपए का जुर्माना ठोक दिया है। दरअसल, वन विभाग ने पांच पेड़ों को काटने की परमिट त्रिलोकी नाथ शुक्ला के नाम से 8 फरवरी को जारी की थी। आरोप है कि शीशम के सात पेड़ों को काटा गया है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय राजस्व लेखपाल ने बताया कि गाटा संख्या 295, 296 नवीन परती के खाते में दर्ज है। तहसील स्तर से इसकी कोई भी नीलामी की प्रक्रिया नहीं हुई है। वन विभाग द्वारा किस आधार पर परमिट जारी कर पेड़ कटवा दिया गया। उसकी जानकारी हमें नहीं है। उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि नवीन परती की भूमि पर यदि पेड़ काटा गया है। तो इसकी जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी। दैनिक भास्कर ने वन विभाग के कारनामे की खबर को प्रमुखता से चलाया। जिसके बाद कुमारगंज रेंज के बकचुना सेक्शन प्रभारी अतुल कुमार ने खंडासा पुलिस को मामले में तथ्यों को छुपाकर विभाग से परमिट जारी कराए जाने व सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मामले में अभी खंडासा पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी अयोध्या ने लिया तीन बूथों का जायजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तहसील सोहावल के ग्राम पंचायत अबनपुर सरोहा के मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय अबनपुर सरोहा का निरीक्षण किया तथा मतदान केन्द्र के तीनों बूथों पर मतदान की तैयारियों का जायजा लिया।इस मौके पर उन्होने बी0एल0ओ0 से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अद्भुत अयोध्या कार्यक्रम के अन्तर्गत घर–घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने तथा मतदान की समस्त समस्याओं के निराकरण करने लिए किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली।इस दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा–7 व कक्षा–8 के छात्र–छात्राओं से किताबों को पढ़ाकर, गणित के सवालों को ब्लैक बोर्ड पर लगवाकर तथा मानचित्र पर विभिन्न राज्यों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर शिक्षा की गुणवत्ता व शैक्षिक स्तर को परखा। इस दौरान उक्त कक्षाओं के अधिकतर बच्चों द्वारा जिलाधिकारी द्वारा पूछे गये गणित के सवालों को सही–सही लगाया गया, किताबों को सही ढंग से पढ़ा गया तथा मानचित्र पर विभिन्न राज्यों की सही स्थिति को बताया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के अध्यापकों की सराहना की तथा कक्षा के शैक्षिक स्तर से पीछे रह गये बच्चों को उनकी शिक्षा के स्तर के अनुसार विभक्त कर प्रत्येक बच्चें का प्रोग्रेस चार्ट बनाने तथा बच्चों के शैक्षिक स्तर के लेवल अनुसार ध्यान देते हुये उनके कक्षा के शैक्षिक स्तर तक लाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थित सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को खेल–खेल के माध्यम से शिक्षा देने के निर्देश दिये जिससे बच्चे मन लगाकर पूर्ण रूचि लेकर शिक्षा ग्रहण करें और बच्चें स्वप्रेरित होकर रोजाना ही विद्यालय आयें। उन्होंने स्पोर्टस क्लासेज चलानें व विभिन्न ज्ञानबर्धक कहानियों की पुस्तकें भी पढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न पाठ्य सहगामी क्रियाओं को भी कराने तथा ग्लोब, मानचित्र आदि के माध्यम से भी एक्टीविटी लर्निंग कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भी उपस्थित रही।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।